मनमाने तरीके से रिव्यू पिटीशन लगाने पर जताई नाराजगी

## हाई कोर्ट ने फटकार के साथ ठोंका एक लाख का जुर्माना

महाधिवक्ता कार्यालय को गंभीरता बरतने के निर्देश



**जबलपुर** । हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मनमाने तरीके से रिव्यू पिटीशन लगाने पर नाराजगी जताई। जोरदार फटकार लगाते हुए मामले के ओआइसी पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी ठोंक दिया। यह राशि व्यक्तिगत रूप से वसूलने की व्यवस्था दे दी। कोर्ट ने साफ किया कि अदालतों में लंबित मामलों की अत्यधिक संख्या से वाकिफ होने के बावजूद इस तरह का रवैया सर्वथा अनुचित है। ऐसी निरर्थक याचिकाएं कोर्ट की कीमती समय बर्बाद करती हैं। साथ ही वित्तीय बोझ बढ़ाती हैं। महाधिवक्ता कार्यालय को इस संबंध में समुचित गंभीरता बरतनी चाहिए। हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इसका ठोस आधार मौजूद है या नहीं। इस तरह व्यक्तिगत दुर्भावना के चलते मुकदमेबाजी का सहारा लेना ठीक नहीं। इस सिलसिले में एजी आफिस वरिष्ठ कानूनी अधिकारियों की एक कमेटी गठित कर सकता है।

उक्त रिव्यू पिटीशन प्रमुख सचिव, आयुक्त उच्च शिक्षा व डा.एसके विजय, प्राचार्य महारानी लक्ष्मी बाई कालेज, भोपाल की ओर से दायर की गई थी। मामला उच्च शिक्षा विभाग में पदस्थ लैब अडेंडर के एरियर भुगतान से संबंधित था। इस मामले में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व में हाई कोर्ट ने 90 दिन के भीतर अभ्यावेदन निराकृत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन ऐसा न करते हुए रिव्यू पिटीशन दायर कर दी गई।

### जीएनएम परीक्षा के परिणाम अंतिम निर्णय के अधीन

नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़ा को लेकर दायर याचिकाओं पर बुधवार को विशेष बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार को जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी परीक्षा का रिजल्ट घोषित करने स्वतंत्र कर दिया है। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा क परीक्षा परिणाम इस याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन रहेंगे। महाधिवक्ता ने भी इस संबंध में अंडरटेकिंग दी। प्रदेश भर में लगभग 61 हजार अभ्यर्थियों का रिजल्ट रुका हुआ था। मंगलवार को दो अलग-अलग बेंच में सुनवाई के दौरान दो जजों द्वारा खुद को सुनवाई से अलग करने के बाद बुधवार को जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की विशेष बेंच गठित कर मामले की सुनवाई की गई। राज्य शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने नर्सिंग काउंसिल की ओर से आवेदन पेश कर जीएनएम की परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की अनुमति कोर्ट से मांगी। आवेदन पर विचार करने के बाद कोर्ट ने कहा क डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाओं और रिजल्ट पर कोई रोक नहीं लगाई गई है इसलिए उनके रिजल्ट जारी करने के लिए सरकार अपने स्तर पर निर्णय ले सकती है। नर्सिंग फर्जीवाड़े से जुड़ी लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की जनहित याचिका के साथ लगभग 50 मामलों की एक साथ सुनवाई हुई।



## खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था में सुधार लाना सभी का हो लक्ष्य : कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने खाद्य, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम एवं विपणन संघ के अधिकारियों की बैठक लेकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न के वितरण व्यवस्था में सुधार लाने और इसे बेहतर बनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदाय केन्द्रों से खाद्यान्न का समय पर उठाव हो और उचित मूल्य दुकानों से समय पर उपभोक्ताओं को इसका वितरण हो सभी को इस लक्ष्य को लेकर काम करना होगा। कलेक्टर श्री सक्सेना ने बैठक में खाद्यान्न के उठाव और वितरण की समीक्षा करते हुये कहा कि ऐसी उचित मूल्य दुकानों को चिन्हित किया जाये जहां बड़े वाहनों से खाद्यान्न पहुंचाने में कठिनाई आ रही हो। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि यह काम एक हफ्ते के भीतर पूरा कर लिया जाये तथा इसकी दिन प्रतिदिन की प्रगति से उन्हें अवगत भी कराया जाये। श्री सक्सेना ने कहा कि यदि वास्तव में तंग रास्तों की वजह से किसी उचित मूल्य दुकान पर बड़े वाहनों से खाद्यान्न पहुंचाना असंभव हो तो ऐसी दुकानों के लिए जहां तक वाहन जा सकते हैं वहां तक वाहनों से खाद्यान्न पहुंचाया जाये और इसके आगे की जिम्मेदारी उचित मूल्य दुकान संचालक को दी जाये। यदि उचित मूल्य दुकान संचालक इसके लिये तैयार नहीं होता है तो या तो उस दुकान का स्थान बदल दिया जाये अथवा उस दुकान का लायसेंस निरस्त कर दिया जाये। कलेक्टर ने उपार्जन व्यवस्था को भी बेहतर बनाने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि जो कमियां धान उपार्जन में सामने आई उन्हें समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के दौरान दूर कर लिया जाये, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। कलेक्टर श्री सक्सेना ने उपार्जन से संबंधित सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण को प्राथमिकता देने की हिदायत भी अधिकारियों को बैठक में दी। बैठक में प्रभारी खाद्य नियंत्रक सीएस जादौन, जिला विपणन अधिकारी अर्पित तिवारी तथा नागरिक आपूर्ति निगम सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी भी मौजूद थे।



## शीतलहर से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं

शहर बर्फीली हवाओं की गिरफ्त में कांप रहा

**जबलपुर**। सर्द हवाओं ने शहर को हिलाकर रख दिया है। पिछले दो दिनों से उत्तरी दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं ने शहर को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। 2 से 3 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चल रही बर्फीली हवाओं ने शहर को कड़ाके के जाड़े का अहसास करा दिया। कल दिन और रात का तापमान दोनों घटकर सामान्य से नीचे आ गये। खास बात यह है कि रात तो रात, दिन में भी लोगों को सर्द हवाओं ने कंपकपा दिया। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि शीतलहर का प्रकोप अभी जारी रहेगा। मौसम के इस तीखे तेवर के कारण जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है, रात जहां सड़कों पर जल्दी सन्नाटा छा जाता है, वहीं सुबह देर से होती है। बाजारों में प्रतिष्ठान भी देर से खुलते हैं और दिनचर्या विलंब से शुरू होती है। बर्फीली हवाओं की वजह से जहां दिन भर धूप में भी लोगों को ठंड का अहसास होता है, वहीं तड़के आसमान पर घना कोहरा छाने और रात में ओस की बूंदे गिरने से जाड़ा और प्रभावी हो जाता है। देश के उत्तरी भाग में पड़ रही कड़ाके की ठण्ड का प्रभाव मध्यप्रदेश में भी पड़ा है। जबलपुर सहित प्रदेश के अनेक स्थानों पर शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। ठंड से बचने के लिये लोग चौबीसों घंटे गर्म कपड़े से लदे नजर आ रहे हैं। रात में खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अलाव की व्यवस्था नहीं है, सुबह लोगों को खासकर सुरक्षा संस्थानों व शिक्षण संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी शीतलहर और गलाव वाली ठंड में परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान जबलपुर शहर का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रात काल 78 प्रतिशत और सायंकाल 30 प्रतिशत आंकी गई। उत्तरी दिशा से आ रही बर्फीली हवाओं की रफ्तार 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। अगले 24 घंटों के दौरान तीव्र शीतलहर चलने की संभावना है। प्रदेश में सबसे ठंडा जिला बिजावगढ़ (छत्तरपुर) रहा जहां 0.7 डिग्री तापमान दर्ज किया गया वहीं रायसेन मंडला में 3 डिग्री तापमान रहा। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम 13.7 तापमान डिग्री दर्ज किया गया।

### कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजित

## प्राकृतिक खेती एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग पर वैज्ञानिकों को विशेष कार्य करने की महती आवश्यकता : कुलपति

जबलपुर।

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों की दो दिवसीय समीक्षा बैठक का आयोजन संचालक विस्तार सेवायें के दर्पण सभागार में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में आयोजित की गई। इस दौरान कुलपति डॉ. पी. के. मिश्रा ने कृषि विज्ञान केन्द्रों की समीक्षा बैठक के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि हमारे वैज्ञानिकों को प्राकृतिक खेती एवं नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं उनकी सही मात्रा का कैसे उपयोग करें, इन विषयों पर विशेष जागरूकता एवं कार्य करने की आवश्यकता है। आपने समीक्षा बैठक में वर्षभर की प्रगति एवं कार्ययोजना सहित विभिन्न विषयों पर कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिक, किसानों को बेहतर तकनीक के साथ नवीनतम तकनीक को फैलाने एवं बताने में अपनी महती भूमिका निभाने एवं राष्ट्र हित में कार्य करने पर जोर दिया। अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने कहा कि राबे के विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्याएं न हो, कृषि विज्ञान केन्द्र अच्छा कार्य कर रहे हैं, लेकिन अभी और काम करने की आवश्यकता है। आपने सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों को रिसर्च पेपर तैयार करने एवं राष्ट्रीय पटल पर केविके की उपलब्धियों को रखने हेतु बात कही है। इस अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे, अधिष्ठाता अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, सहित बड़ी संख्या कृषि विज्ञान केन्द्रों के वैज्ञानिक उपस्थित रहे।




### मिलावट रोकने कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

**जबलपुर**। मिलावटी खाद्य सामग्री के विक्रय को रोकने खाद्य सुरक्षा विभाग के दलों ने शहर में कई खाद्य दुकानों, होटलों और रेस्टोरेंट की आकस्मिक जांच की तथा खाद्य पदार्थे के सेम्पल परीक्षण हेतु लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार की गई आकस्मिक जांच के दौरान पटेल सुविधा केंद्र अहिंसा चौक से बेसन, आलू बंडा और रिफाइंड सोयाबीन तेल, सुप्रभात डोसा सेंटर से हरी चटनी, नारियल चटनी और मेंदू वड़ा, बेस्ट बेकरी छोटी ओमती से केक, भावेश बेकरी छोटी ओमती से वनस्पति एवं राइट टाउन स्थित डस्क एंड डान से नमकीन का नमूना लिया गया। सभी नमूने परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजे जायेंगे।

## मछली मार्केट से मालवीय चौक तक हाहाकार

### कुलियों में कट रहे चालान, मुख्य मार्ग पर 14 घंटे जाम

**जबलपुर**। शहर के मुख्य बाजार में ट्रेफिक व्यवस्था खराब है, यह कहना लोगों ने छोड़ दिया है। क्योंकि व्यवस्था खराब होने के लिये व्यवस्था होनी चाहिये। आज शहर के ह्दय स्थल का हाल यह है कि व्यवस्था के ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर कुछ है ही नही। मछली मार्केट से लेकर मालवीय चौक, घंटाघर, शहीद स्मारक के बीच का पूरा क्षेत्र ट्रैफिक के मामले में आरजकता का शिकार है। आज हालात इतने खराब हो चुके हैं, कि पहले जहां शाम को ट्रैफिक जाम के हालात बनते थे। अब दोपहर 12 बजे से हालात खराब हो रहे हैं। हद यह है कि मछली मार्केट से मालवीय चौक तक के सहायक मार्गों में भी अब आटो और वाहन फंसे मिलते हैं। जबलपुर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले इस पूरे क्षेत्र का बाजार बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। लोग जाम से इतने त्रस्त हैं कि अब रास्ता नहीं बाजार बदलने लगे हैं। व्यापारी कहने लगे हैं कि पुलिस प्रशासन की उदासीनता का यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में मिलौनीगंज, मालवीय चौक और इसके बीच के सभी ऐतिहासिक बाजार बंद होने की कगार पर पहुंचने लगेंगे।

#### हर दिन ई रिक्शा की रैली

मिलनौगंज से मालवीय चौक तक आज सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक ई रिक्शा की रैली दिखाई दे रही है। प्रशासन ने थोक में ई रिक्शा के लायसेंस तो जारी कर दिये हैं, लेकिन रूट निर्धारित नहीं किये हैं। जिसके नतीजे में सारे के सारे ई रिक्शा एक मार्ग पर ढुल रहे हैं। नतीजा सामने है, हाहाकार की स्थिति। हद यह है कि सड़क पर जाम की स्थिति देख, यह ई रिक्शा अंदर की तंग गलियों में घुसते हैं। जिसके नतीजे में वहां भी जाम बनता है। फिर अंदर बाहर हर जगह जाम होता है, तब पूरा यातायात बैठ जाता है। चौकाने वाली बात यह है कि पूरे मार्ग पर कहीं भी पुलिस नहीं होती।

#### कुलिया में चालान काटते जवान

सबसे चौकाने वाली बात यह है मिलौनी गंज, सराफा, कमानिया, मालवीय चौक में जाम लगा होता है, पुलिस के जवान वहां से गायब होते हैं। लेकिन उसी समय नर्मदा स्कूल के सामने अंधेरी कुलिया में पुलिस घेराबंदी कर चालान काट रही होती। घोड़ा नक्काश हनुमानताल वाले हादसे के लिहाज से खतरनाक तिराहे पर पुलिस चालान काट रही होती है। मन्नू लाल अस्पताल के आसपास पुलिस चालान काट रही होती। जिससे यह सवाल अब हर कोई उठा रहा है कि इन क्षेत्रों में पुलिस को कार्यवाही व्यवस्था बनाने से कोई मतलब नहीं सिर्फ और वसूली में दिलचस्पी है।

#### मल्टीलेवल पार्किंग की मांग

मुख्य व्यावसायिक बाजारों के आसपास मल्टीलेवल पार्किंग की लंबे समय से मांग उठती रही है। लेकिन सिविक सेंटर, मानस भवन में ही मल्टीलेवल पार्किंग विकसित हो सकी है। भंवरताल और राइट टाउन में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण जारी है। मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों में एक भी मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण नहीं किया गया। लेकिन न तो नगर निगम प्रशासन इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही जिला प्रशासन या स्मार्ट सिटी। यदि शहर में आवश्यकतानुसार मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था हो जाए, तो जहां सड़कों पर लगने वाला जाम खत्म होगा।

### रामलला के दर्शन की पहली ट्रेन 30 जनवरी को जबलपुर से होगी रवाना

**जबलपुर**। अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन हेतु मध्यप्रदेश की पहली ट्रेन आगामी 30 जनवरी को जबलपुर से रवाना होगी प्रदेश में सबसे पहले यह सौभाग्य जबलपुर को प्राप्त हुआ है। जिस हेतु पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं हमारा प्रयास अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम के दर्शन कराना है यह बात भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों की कामकाजी बैठक में कही। श्री प्रभात साहू ने कहा कि आगामी 30 जनवरी को अयोध्या जाने वाली ट्रेन के लिए पंजीयन हेतु जिम्मेदारी मंडल अध्यक्षों एवं पार्षदों को सौंपी गई है एवं क्षेत्रीय विधायक इस पंजीयन कार्यक्रम का मार्गदर्शन करेंगे ताकि सही तरीके से आम जनों का पंजीयन हो सके क्योंकि सभी क्षेत्रीयजन जो दर्शन हेतु जाना चाहते हैं, पंजीयन कराकर रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या जा सकें। प्रभात साहू ने बैठक में कहा कि भाजपा का गांव चलो अभियान भी प्रारंभ हो रहा है जिसमे एक शक्तिकेंद्र से दूसरे शक्ति केंद्र में जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक बूथ स्तर पर पहुंचाने का काम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, रिकुंज बिज, राजेश द्विवेदी मंचासीन थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं शक्तिकेंद्र संयोजक उपस्थित थे।

## जीसीएफ में सदस्यता सत्यापन चुनाव की सरगर्मी तेज

**जबलपुर**। सभी निर्माणियों में इस समय चुनाव को लेकर काफी सर गर्मी बढ़ गया है। जहां उत्पादन की रफ्तार इन दिनों तेज है वहीं सदस्यता सत्यापन चुनाव के प्रचार की रफ्तार भी तेज को चला है। आगामी 27 जनवरी को जीसीएफ में चुनाव है जीसीएफ में सभी का चुनाव सिंबल मिल चुका है। मुख्यत जीसीएफ में चार यूनियन है जिनके बीच कड़ा संघर्ष है। मगर सबसे मजबूत स्थिति में लाल झंडे का मजदूर संघ हथोड़ा है क्योंकि जीसीएफ में कार्य समिति भी लाल झंडे की है लालझंडे द्वारा दो मुख्य मुद्दों पर चुनाव प्रचार किया जा रहा है। पहले निगमीकरण एवं दूसरा एनपीएस का विरोध जीसीएफ मजदूर संघ हथोड़ा के महामंत्री रोहित यादव ने कहा एकमात्र ए आई डी ई एफ है जो शुरू से एनपीएस का विरोध प्रगट कर रही है सन 2018 में ए आई डी ई एफ के मजदूर संघ हथोड़ा ने सर्वप्रथम जबलपुर में एनपीएस के खिलाफ मोर्चा खोला और आंदोलन में तेजी लाए इसके पश्चात दिल्ली के जंतर मंतर एवं रामलीला मैदान में विस्फोटक आंदोलन ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन द्वारा किया गया कार्य समिति सचिव राजा पांडे ने कर्मचारियों से गुहार लगाई और कार्य समिति फोरम एवं जेसीएम फोरम द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया जिसमें gदद् बेंचमार्प वाले भी पदोन्नति के पात्र हुए सुरक्षा कर्मियों के लिए सुविधायुक्त गुमटी का निर्माण करना विद्यानगर के रह वासियों के लिए पानी की टंकी का निर्माण करना कर्मचारियों के उपयोग के लिए नवीन जूनियर क्लब की स्थापना करना इत्यादि कार्य मजदूर संघ हथोड़ा के मीडिया प्रभारी उत्तम विश्वास द्वारा कहा गया कि सरकार द्वारा निगमीकरण के पश्चात ने मद्रास हाई कोर्ट में याचिका दायर कर कर्मचारियों की सेवा शर्त पूर्व की तरह सुरक्षित रखा जिसका मतलब यह है कि जो भी कर्मचारी नियुक्ति के समय जिन शर्तों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त किए हैं अगर वह निगमीकरण को नहीं चुनते हैं तो उनकी सेवा शर्त वही रहेगी जो उनको नियुक्ति के समय प्राप्त हुआ था दिनांक 20 तारीख से 27 तारीख के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल में अभी तक जो परिणाम सामने आ रहे हैं उसमें ऑल इंडिया डिफेंस एंप्लॉय फेडरेशन को हर जगह बहुमत प्राप्त हो रहा है।

### गांजा तस्कर को दो वर्ष का कारावास

**जबलपुर**। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने गांजा तस्करी के आरोपित जबलपुर निवासी सचेंद्र सिंह ठाकुर का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ दो वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि सात सितंबर, 2015 को गोहलपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपित सामुदायिक भवन, चंडाल भाटा के पास सफेद रंग की बोरी में गांजा रखे हुए खड़ा है। वह किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है। लिहाजा, दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। गांजा बरामद होने पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण कायम कर लिया गया। अदालत ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

### कैट ने स्पेशल केडर रिव्यू में विलंब पर तलब किया जवाब

**जबलपुर** । केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने स्पेशल केडर रिव्यू में विलंब पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में केंद्र शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किए गए हैं। याचिकाकर्ता मप्र स्टेट पुलिस आफिसर एसोसिएशन व जितेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक, साइबर क्राइम, इंदौर की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व अक्षय खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नियमानुसार स्पेशल केडर रिव्यू प्रति पांच वर्ष में आवश्यक रूप से होना चाहिए। किंतु ऐसा नहीं किया जा रहा। इससे याचिकाकर्ता सहित अन्य को परेशानी हो रही है। दरअसल, सीएसपी, एडिशनल एसपी का प्रमोशन नहीं होता महज क्रमोन्नति होती है। केडर संख्या कम होने से आइपीएस अवार्ड होने की संभावना क्षीण होती जा रही है। आलम यह है कि एएसपी के पद से ही अधिकतर सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। जबकि दूसरे राज्यों में समय से आइपीएस बनाए जा रहे हैं। मप्र शासन की ओर से इस सिलसिले में समय-समय पर केंद्र तक सिफारिश भेजी गई किंतु केंद्र का रवैया उदासीनता भरा रहा है। 2008 से विलंब से केडर संख्या के निर्धारण से परेशानी बढ़ती चली गई है। बावजूद इसके कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में विलंब से निर्धारण को अन्याय की कोटि में रखा है। वास्तव में पदोन्नति पर समय रहते विचार कर्मचारी का अधिकार है।

आब्जर्वर ड्यूटी के लिए 20 फीसद लेने का आरोप

# एमयू के अधिकारी बचे, ऑउट-सोर्स कर्मचारी पर गिरी गाज

**जबलपुर।** मप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (एमयू) से आउटसोर्स कर्मचारी को आब्जर्वर डयूटी के लिए 20 फीसद लेने के आरोप में हटा दिया गया हैं। एमयू सूत्रों का कहना है कि मामले में अधिकारियों को अभयदान देते हुए कार्रवाई की गाज अधीनस्थ कर्मचारी पर गिराई गई हैं। कर्मचारी पर आरोप हैं कि वे परीक्षा विभाग में ऑब्ज़र्बर डयूटी में सेटिंग का खेल, खेल रहे थे। एमयू के परीक्षा विभाग में आब्जर्वर डयूटी लगाने की आड़ में कथित तौर पर चल रहे गोरखधंधे को अंजाम दिया जा रहा था। इसी के तहत एक आउटसोर्स कर्मचारी को हटाया गया है। कुलपति ने इस खुलासे के बाद गोपनीय विभाग में फेरबदल करने को बात कहा है। कुलपति ने दो टूक कहा कि इस तरह का कारनामा विवि में नहीं चलेगा, जो भी लोग इसमें लिप्त है उन पर कार्रवाई होगी। ज्ञात हो कि विवादों से घिरी एमयू में आये दिन अब तक अधिकारियों के कारनामों से एमयू की छवि धूमिल हो रही थी अब इस खेल में उनके मातहत कर्मचारी भी उतर गए हैं। एमयू के




उक्त कर्मचारी द्वारा प्रोफेसरों को परीक्षा में ऑब्ज़र्वर डयूटी लगाने कथित तौर पर लंबे समय से पैसों का लेन देन चल रहा था। सूत्रों के अनुसार इस खेल की मध्यस्थता भी शहर के शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की एक विवादित शिक्षिका कर रही थीं। नर्सिंग छात्र संगठन (एनएसओ) अध्यक्ष गोपाल पाराशर ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि एमयू में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी की चैट वायरल होने से मामले का खुलासा हुआ जिसमें उसने छः डयूटी के अठारह सौ रुपए मांगे। सूत्रों के अनुसार एमयू में ऑब्ज़र्वर प्रैक्टिकल पैनल मूल्यांकन में मैपिंग में वर्षों से सैटिंग का खेल चल रहा है शिक्षक विश्वविद्यालय के गोपनीय शाखा में वर्षों से जमे ऑपरेटर से सेटिंग कर ऑब्ज़र्वर डयूटी मॉडरेटर डयूटी मूल्यांकन मैपिंग जैसे कार्य सेटिंग से कर रहे है। एनएसओ ने कुलपति से मांग की हैं कि वर्षों से गोपनीय शाखा में कार्य कर रहे ऑपरेटरो को तत्काल अन्य शाखा में स्थानांतरित किया जाये। इस मामले में जहाँ कुलपति ने कहा कि एकआउटसोर्स कर्मचारी की गतिविधियां ठीक नहीं होने पर हटा दिया गया है, कर्मचारी किस तरह की गड़बड़ी की है इसकी जांच कराई जा रही है। वहीं एमयू सूत्रों की मानें तो बगैर किसी वरिष्ठ अधिकारी के प्रश्रय के अधीनस्थ इस तरह के कारनामे को अंजाम नहीं दे सकता।



# अपना लेडीज क्लब ने हल्दी कुमकुम, उपहार देकर राम भजन का गायन किया

**जबलपुर।** अपना लेडीज क्लब द्वारा हल्दी कुमकुम एवं राम भजन गा कर सेलिब्रेशन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नेहा दिघे एवं निशा दिघे के द्वारा किया गया जिसमें हल्दी कुमकुम लगाकर उपहार दिए गए। राम भजन एवं तरह-तरह की गेम के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया गया, सभी मेंबर ब्लैक ड्रेस कोड में उपस्थित हुए। इस अवसर पर लीला, साधना, प्रतिभा, अमृत, वर्षा, नूतन, नीलम, उमा, सुनीता, स्नेह, ज्योति, दीप्ति, अंजू, राधा, भावना, रेणुका, ममता, रश्मि, दीप्ति आदि की उपस्थिति रही।

# भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को जयंती पर दी श्रद्धांजलि




**जबलपुर।** कुशल राजनीतिज्ञ, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनो आरोग्य, दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर आश्रम के संचालक मुकेश कुमार सेन ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर जैसे नेता भारत में दुर्लभ हुए हैं, उन्होंने समाज की अंतिम पंक्ति के लिए समाज के पिछड़े और शोषित वर्ग के लिए हमेशा संघर्ष किया। उन्हें 1942 में महात्मा गांधी के असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया और जेल जाना पड़ा। वे बिहार के दो बार मुख्यमंत्री और एक बार उप मुख्यमंत्री पद पर रहे। 23 जवरी 2024 को भारत सरकार ने उनकी जयंती पर उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की है। जयंती कार्यक्रम में मुकेश कुमार सेन, संतोष अहिरवार, यशरंजन श्रीवास, चंचल गौतम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## *प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने जिला शिक्षा केन्द्र के अधिकारी पहुंचे*

**सिहोरा।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में कक्षा 6 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों का ब्लॉक स्तरीय शिक्षण प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें बुधवार को जिला शिक्षा केंद्र जबलपुर से एपीसी प्रेम नारायण तिवारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय प्रशिक्षण की गुणवत्ता को परखने के लिए निरीक्षण किया। एपीसी ने इस अवसर पर शिक्षकों से कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्य,छात्रों की सक्रियता के लिए 5 दिवसीय विकासखण्ड स्तर का प्रशिक्षण का आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश उपाध्याय, बीएसी अश्वनी उपाध्याय, राकेश पटेल, अक्षय चौदहा, ओम प्रकाश तिवारी,श्यामराव मांडलेकर, अशोक मिश्रा हरीश विश्वकर्मा, रामकिशोर हल्दकर, राकेश मिश्रा, प्रियंका तंतुवाय आदि उपस्थित थे।

# अवैध शराब से भरी बुलेरो जब्त, चालक फरार

**जबलपुर।** गोरखपुर पुलिस ने रामपुर क्षेत्र स्थित जलपरी के पास एक बुलेरो वाहन को पकड़ा, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई थी। अंधरे फायदा उठाकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया है।

इस मामले में गोरखपुर थाना प्रभारी एमडी नागोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामपुर चौकी प्रभारी एवं गोरखपुर थाने की पुलिस द्वारा जलपरी के पास दबिश दी गई। जहां पर मुखबिर द्वारा बताए गए सफ़ेद रंग की बोलेरो कर आते हुए दिखी। पुलिस को देखते ही बोलेरो चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। मौके पर जाकर जब बोलेरो की तलाशी ली तो उसमें 20 पेटी देशी शराब पाई गई।

बोलेरो गाड़ी में तलाशी के



दौरान पुलिस को दो अलग-अलग नंबर लिखिए नंबर प्लेट भी मिली है। यह नंबर प्लेट किस उद्देश्य से गाड़ी के अंदर रखी थी इसकी भी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। पुलिस ने शराब जप्त करते हुए दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन मालिक की तलाश शुरू कर दी है।

## गणतंत्र दिवस पर निःशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** भारतीय कलाकार संघ, जबलपुर पेंटर आर्टिस्ट एसोसियेशन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर निःशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता 26 जनवरी को पूर्वान्ह 11 से दोपहर 01 बजे तक विसर्जन कुंड प्रांगण भटौली रोड गौरीघाट में आयोजित है। विषय है स्वच्छता अभियान, हमारा प्यारा जबलपुर, नर्मदा नदी, जिसमें सभी प्रतिभागी सादर आमंत्रित हैं। प्रतियोगिता के ए ग्रुप में 6 से 10 वर्ष तक तथा बी ग्रुप में 11 से 17 वर्ष के प्रतिभागी भाग लेंगे। सभी प्रतिभागियों को ड्राइंग शीट और कलर संस्था द्वारा प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय कलाकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसकार, राष्ट्रीय सचिव जाबिर खान, सुनील मालवीय, किशोर राउत, राजकुमार सूर्यवंशी, जमील अंसारी, मंगेश गोंटिया, बलराम चौधरी सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# टहल रह युवकों को कार ने टक्कर मारी, 3 घायल

**जबलपुर।** पनागर थाना अतंर्गत बड़ोदा पेट्रोल पंप के पास टहल रहे तीन युवकों को एक कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों युवक घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमखेरा रोड गोहलपुर निवासी 39 वर्षीय मोह.अफसर अंसारी गत दिवस अपने दोस्त यशपाल ठाकुर के यहां दोस्तों के साथ मिलकर पार्टी के लिए आया था जहां पर अन्य दोस्त तुषार ठाकुर, कमलेश उईके से मुलाकात हुई। पार्टी का खाना खाने के बाद मोह. अफसर अंसारी, यशपाल ठाकुर, तुषार ठाकुर, कमलेश उईके चारों पैदल टहलने के लिए निकले। रात लगभग 8.30 बजे जैसे ही बड़ौदा पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 सीसी 6231 के चालक ने यशपाल ठाकुर, तुशार ठाकुर, कमलेश उइके को टक्कर मार दी, जिससे तीनों को हाथ, पैर एवं शरीर में चोटें आ गई। मोह.अफसर अंसारी ने तीनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरापी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## एस एस कॉलेज में नव मतदाता सम्मेलन आज

**सिहोरा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व में एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के निर्देशानुसार तथा भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल के मार्गदर्शन में युवा नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। भाजपा जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष आयूष सेठी ने बताया की आज 25 जनवरी को सुबह 10 बजे से शासकीय श्यामसुंदर अग्रवाल महाविद्यालय में नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी को लाइव सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में सभी से उपस्थिति की अपील की गई है।

# अधारताल जेडीए भूमि सीलिंग मुक्ति के 3 मामलों में आदेश जारी

### *लक्ष्मीपुर, बेतला की 3 भूमि सीलिंग मुक्त घोषित*

**जबलपुर।** जेडीए कॉलोनियों के खसरों के कालम नंबर 12 मे दर्ज सीलिंग प्रभावित के उल्लेख को विलोपित करने हेतु लक्ष्मीपुर तथा बेतला क्षेत्र के 3 प्रकरणों में आदेश जारी किए गए हैं। यह जानकारी अधारताल एसडीएम शिवांली सिंह ने बुधवार को डॉ.पीजी नाजपांडे को प्रदान की। उपभोक्ता मंच से चर्चा करते हुए शिवाली सिंह ने बताया कि इन 3 प्रकरण के अलावा अनेक खसरों के बावद कार्रवाई जारी है तथा जल्द ही आदेश जारी होंगे। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर न्यायालय में याचिका दायर कर प्रार्थना की है कि जेडीए कॉलोनियों के भूमि सीलिंग प्रकरणों का निराकरण राजस्व महाअभियान समयावधि में हो। यह अभियान 15 जनवरी से 29 फरवरी तक होना है। एसडीएम शिवाली सिंह ने जानकारी दी कि कलेक्टर ने जेडीए कॉलोनियों के सीलिंग के मामलों में शीर्घ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। गोरखपुर तथा अधारताल में कार्रवाई शुरु हो गई है। चर्चा में केसी शर्मा, पंकज अग्रवाल तथा राममिलन शर्मा शामिल थे।

## चोरी की रेत से भरी 2 टैक्टर ट्राली जब्त

**जबलपुर।** गोसलपुर और बेलखेड़ा पुलिस ने अवैध रुप से रेत चोरी कर टेक्टर ट्राली में परिवहन कर ले जा रही दो टेक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। वहीं पुलिस को देखकर टैक्टर चालक मौके से फरार हो गए। गोसलपुर थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने गत शाम एसडीएम सिहोरा के साथ अलगोड़ा रिठौरी के पास रोड गोसलपुर में चोरी से भरा टैक्टर ट्राली को रोकने पर टैक्टर चालक टैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से रेत से भरी टैक्टर ट्राली जब्त कर लिया है। इसी प्रकार बेलखेड़ा थाना प्रभारी राजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि बेलखेड़ी निवासी मोहन सिंह लोधी गत दिवस टैक्टर ट्राली में चोरी की रेत भरकरद बेलखेड़ी घाट से बेलखेड़ी तरफ ले जा रहा था जिसे रोकने का प्रयास किया तो आरोपी मोहन सिंह लोधी टैक्टर ट्राली नर्मदा घाट बेलखेड़ी में छोड़कर भाग गया। पुलिस ने मौके से रेत से भरी टैक्टर ट्राली जब्त की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 379, 414 तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम तथा म.प्र. खनिज (अवैध खान परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) अधिनियम की धारा 18(1) के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न उपाधि से नवाजे जाने पर बांटी मिठाई

**जबलपुर।** जन नायक कर्पूरी ठाकुर को केन्द्र सरकार द्वारा भारत रत्न उपाधि प्रदान करने पर अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति ने मालवीय चौक पर मिष्ठान्न वितरण कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सेन ने बताया कि कर्पूरी ठाकुर देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री थे, जिन्होंने आजादी के बाद सामान्य वर्ग की महिलाओं और पुरुषों को 06 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जिसे देश के अन्य राज्यों की सरकारों ने भी लागू किया। इस मौके पर संजय सेन, नारायण श्रीवास, बहादुर श्रीवास, बैजनाथ कुशवाहा, एड. रामकिशोर शिवहरे, एड. प्रमेन्द्र सेन, राजेन्द्र नामदेव, परमानंद साहू, श्रीराम कुशवाहा, विवेक यादव, धर्मेन्द्र सेन सहित से समाज एवं अन्य समाज के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पंडरिया में श्री विष्णु महायज्ञोत्सव एवं महापुराण

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम पंडरिया कला में श्री श्री 1008 बनवारी दास जी महाराज भरभरा आश्रम की प्रेरणा से 30 जनवरी तक श्री विष्णु महायज्ञोत्सव एंव संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण एंव मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें यज्ञाचार्य पंडित प्रमोद परौहा जहां विधिवत यज्ञ को सम्पन्न करा रहे हैं वहीं पंडित शैलेन्द्र कृष्ण जी दोफहर 2 से 5 बजे तक भक्तों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं।

# इलेक्ट्रिक हीटर से भड़की आग, 1 मृत

**जबलपुर।** कैंट थानांतर्गत सदर, पासी मोहल्ला में एक इलेक्ट्रिक हीटर से भड़की आग से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पासी मोहल्ला निवासी 31 वर्षीय रेखा गिरावकर ने सूचना कि राजकुमार पासी के मकान में किराए पर रहती हैं। उसके ऊपर वाले कमरे में परशुराम बड्डे रहता हैं। बीती रात करीब 1 बजे तक परशूराम बड्डे खा पीकर डांस कर रहा था, जिसके साथ एक साथी अकबर भी था। रेखा ने रात डेढ़ बजे परशूराम को फोन कर बोला था कि हल्ला मत करो सो जाओ इसके बाद कोई आवाज नहीं आई। फिर सुबह 4 बजे परशूराम के कमरे से बचाओं-बचाओं की आवाजें आईं। इस पर रेखा एवं पड़ोसी संगीता ने परशुराम के कमरे के सामने पहुँचे तो धुँआ दिखाई दे रहा था। मकान मालिक राजकुमार पासी को बुलाकर दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो अकबर बेहोश पड़ा था जबकि परशुराम बड्डे की आग से जलकर मौत हो चुकी थी। कमरे में एक इलेक्ट्रिक हीटर जला हुआ था, जो जले हुए बिस्तर के पास ही पड़ा था, कमरे में शराब की बॉटल भी पड़ी थी। बिस्तर, पलंग एवं कमरे का सामान भी जला हुआ था। परशुराम बड्डे आंध्रा की तरफ रहने वाला था। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेजते हुए पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया हैं।

20 जुआरी गिरफ्तार, 54 हजार जब्त

# 3 स्थानों में जुए के फड़ों पर छापे

**जबलपुर।** गोरखपुर, पाटन, रांझी और क्राईम ब्रांच की टीम ने जुए के फड़ों पर छापा मारकर 20 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 54 हजार 140 रुपए नगद, 12 मोबाइल और 1 बाईक जब्त कर लिया है। गोरखपुर थाना प्रभारी महादेव प्रसाद नागौतिया ने बताया कि गत रात दशमेश द्वार के पास दुर्गेश कोरी निवासी सूपाताल छुई खदान गढ़ा, वरूण विश्वकर्मा निवासी गंगासागर रोड गढा, राकेश लोधी निवासी लोधी मोहल्ला गढ़ा, सौरभ ठाकुर निवासी लोधी मोहल्ला गढ़ा, शुभम सोंधिया निवासी आमनपुर मदनमहल, आकाश लोधी निवासी लोधी गंगासागर लोधी मोहल्ला, इरफान अली निवासी माडवा शिवाजीनगर गोरखपुर, बेड़ीलाल झारिया निवासीसाहू किराना के पास गढ़ा, मोनू दास बैरागी निवासी रामपुर छापर , आवेश कोल निवासी माडवा शिवाजी नगर गोरखपुर, अंकित कोरी निवासी गंगासागर लोधी मोहल्ला को जुआ मन्ना खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने जुआड़ियों के विरुद्ध ताश के 52 पत्ते एवं 39 हजार 90 रूपये तथा 10 नग मोबाइल जब्त किए है।

इसी प्रकार रांझी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि रांझी पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने गत शाम रिछाई ब्रिज के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे शुभम मिश्रा निवासी हरिओम किराना के पास रिछाई, नारायण चैधरी निवासी सरकारी स्कूल के पास रिछाई, साधू उर्फ महेन्द्र रैकवार निवासी गुप्ता होटल के पीछे मड़ई को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते 11 हजार 200 रूपये, 1 पोको कम्पनी एवं 1 एमआई कम्पनी का मोबाइल तथा 1 दरी, 10 पानी पाउच, मोटर सायकल क्रमांक 20 एन जी 1638 जब्त की है।

इसी तरह पाटन थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत रात ग्राम मड़वा हार में महुआ के पेड़ के पास बल्व के उजाले में जुआ मन्ना खेल रहे अर्जुन सिंह लोधी, रामबिहारी राजौरिया, रमेश सिंह गोंड़ सभी निवासी ग्राम पौड़ी कला, मुन्ना सिंह लोधी, मोहन बर्मन, जगदीश बर्मन सभी ग्राम पौड़ी खुर्द को गिरफ्तार कर जुआडियों के कब्जे से ताश के 52 पत्ते और नगदी 3 हजार 850 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने सभी जुआड़ियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।




**श्रीमती बसंती मुखर्जी-** एम 59, शारदा कॉलोनी शक्तिनगर निवासी श्री अजीत मुखर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती बसंती मुखर्जी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जीत वेदी-** कुलियाना मोहल्ला आमनपुर मदनमहल निवासी श्री जीत वेदी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज बाई पटेल-** अधारताल निवासी श्री सूरज पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज बाई पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय अग्रवाल-** कांचघर निवासी श्री संजय अग्रवाल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री **विनोद सिंह-** चैतन्य सिटी फेस 2 बिलहरी निवासी श्री विनोद सिंह (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मलखान चौधरी-** सिद्धबाबा रोड निवासी श्री मलखान चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री छेदी लाल साहू-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री छेदी लाल साहू (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भगवती शरण खरे-** रवींद्र नगर अधारताल निवासी श्री भगवती शरण खरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रामदास पिल्लई-** गोकलपुर निवासी श्री रामदास पिल्लई (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कस्तूरी बाई सोनी-** महाकौशल नगर अधारताल निवासी श्री मोती लाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती कस्तूरी बाई सोनी (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## भाजपा शासित राज्यों के सीएम का पूरी कैबिनेट के साथ दर्शन करने का शेड्यूल जारी

# 4 मार्च को सीएम डॉ. मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित करेंगे श्रीरामलला के दर्शन

एजेंसी :नई दिल्ली।अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में सकुशल संपन्न हो चुका है। श्रीराम लला के दर्शन के लिए लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर में लगभग 5 लाख लोगों ने दर्शन किया था। इसी बीच भाजपा ने भाजपा शासित प्रदेशों के लिए राम मंदिर दर्शन के लिए योजना बनाई है। जिसके अनुसार, जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां के सीएम पूरे कैबिनेट के साथ प्रभु रामलला के दर्शन करेंगे। इस शेड्यूल के मुताबिक, चार मार्च को मप्र के सीएम डॉ. मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित श्रीरामलला के दर्शन करेंगे। गौर हो कि डॉ. यादव पहले ही कह चुके हैं कि जब शेड्यूल आएगा, वे तभी कैबिनेट समेत अयोध्या जाएंगे।



## भाजपा शासित राज्य कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की बना रहे योजना

### दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं को कराएगी श्री रामलला के दर्शन

दिल्ली भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला के दर्शन के लिए भेजने की योजना बनाई है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने पार्टी की दिल्ली इकाई द्वारा बनाई गई योजना का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली के सात लोकसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक से कार्यकर्ताओं को आने वाले दिनों में अयोध्या भेजा जाएगा और उनमें से प्रत्येक को उत्तर प्रदेश के पवित्र शहर की तीर्थयात्रा के लिए 789 रुपए देने होंगे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अयोध्या की तीर्थयात्राएं गणतंत्र दिवस के बाद 30 जनवरी से शुरू होंगी।

### ये है राज्यों का पूरा शेड्यूल

- 31 जनवरी को त्रिपुरा सीएम माणिक साहा कैबिनेट के साथ श्री राम लला के दर्शन करेंगे।
- 1 फरवरी को सीएम आदित्यनाथ योगी पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 2 फरवरी को उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 5 फरवरी को महाराष्ट्र कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 6 फरवरी को अरुणांचल के सीएम अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने वाले हैं।
- 9 फरवरी को हरियाणा कैबिनेट दर्शन करेगी।
- 12 फरवरी को राजस्थान कैबिनेट सीएम के साथ दर्शन करेगी।
- 15 फरवरी को गोवा के सीएम अपनी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 22 फरवरी को असम के सीएम कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।
- 24 फरवरी को गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल कैबिनेट के साथ दर्शन करेंगे।
- 4 मार्च को मप्र के सीएम मोहन यादव पूरी कैबिनेट सहित दर्शन करेंगे।

### पीएम ने कहा-केंद्रीयमंत्री मार्च में अयोध्या जाएं

पीएम नरेंद्र मोदी ने सुझाव दिया है कि भारी भीड़ के कारण और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी की वजह से जनता परेशान होगी। इस असुविधा को रोकने के लिए केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए। कैबिनेट की बैठक में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एक धन्यवाद प्रस्ताव भी लाया गया। इस दौरान पीएम मोदी भावुक दिखाई दिए। उनके साथ-साथ कैबिनेट के सभी साथी भी भावुक नजर आए।

---

**अंतरिम बजट में हो सकती है 'बड़ी घोषणा'**

# पुरानी पेंशन भूल जाइए, एनपीएस में केंद्र सरकार करेगी बड़ा बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

1 फरवरी 2024 को देश का नया बजट पेश होगा। इस बार अंतरिम बजट है यानी चुनाव से पहले आने वाला बजट। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाने वाला यह छठा बजट होगा।

सरकार इस बजट में नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) को और आकर्षक बनाने से जुड़ी बड़ी घोषणा कर सकती है। 75 साल से ज्यादा के वरिष्ठ नागरिकों के योगदान और निकासी पर टैक्स रियायतें बढ़ाने का ऐलान होने की उम्मीद है। पेंशन फंड रेगुलेटर पीएफआरडीए ने ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय से कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे योगदान के लिए टैक्सेशन के मोर्चे पर समानता की बात कही है। और इस बारे में आने वाले अंतरिम बजट में कुछ घोषणाएं होने की उम्मीद है। बता दें कि फिलहाल कर्मचारियों के कॉर्पस यानी कोष निर्माण में कर्मचारियों के योगदान में असमानता है। इसमें कॉर्पोरेट द्वारा बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते का 10 प्रतिशत तक योगदान को टैक्स में छूट दी गई है जबकि ईपीएफओ के मामले में यह दर 12 प्रतिशत है।

*केंद्र सरकार ने पिछले साल वित्त सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी। इस कमेटी को पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने और बेहतर करने के सुझाव देने के लिए बनाया गया था। इस कमेटी की रिपोर्ट आना बाकी है।*

**एनपीएस पहले से ज्यादा आर्कषक होगी**



**अपेक्षा : एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री हो**

*बजट अपेक्षाओं के मुताबिक, बता दें कि एनपीएस के जरिए लॉन्ग-टर्म सेविंग्स को बढ़ावा देने और 75 साल से ज्यादा के सीनियर सिटीजन का टैक्स बोझ कम करने के लिए 75 साल ज्यादा के नागरिकों के लिए एनपीएस का सालाना योगदान टैक्स फ्री होना चाहिए। गौर करने वाली बात है कि सरकार ने पिछले साल (2023) में फाइनेंस सेक्रेटरी टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की। इस कमेटी को पेंशन सिस्टम को रिव्यू करने और बेहतर करने के सुझाव देने के लिए बनाया गया था। अभी तक इस कमेटी की रिपोर्ट आना बाकी है।*

---

## खबर संक्षेप

### संजय सिंह के करीबी सर्वेश को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति में कथित घोटाले मामले में आरोपी सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दे दी। आबकारी मामले की सुनवाई कर रहे राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज एमके नागपाल ने एक लाख रुपये की जमानत बांड भरने पर सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत दी है।



### आपत्तिजनक पोस्ट के खिलाफ प्रदर्शन

**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला रियासी, राजोरी और किश्तवाड़ में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट की। तीनों जिलों की पुलिस ने अलग-अलग थानों में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर कानून का उल्लंघन न करें।



### मुंबई में आग से कैमिकल ड्रम्स में हुए धमाके

**मुंबई।** मुंबई के राम मंदिर इलाके में भीषण आग लगने की खबर है। इमारत के पास रखे केमिकल ड्रम्स में लगातार ब्लास्ट हो रहें है। घटना के बाद अफरातफरी मच गई है। आग लगने के बाद यातायात को रोका गया है और दमकल की गाड़ियां मौके पर रवाना हो गई हैं। इससे पहले मुंबई के गोरेगांव इलाके में भी आग लगी थी।



---

### पीएम मोदी ने एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स से मुलाकात की और संवाद किया, कहा

# आपकी जेनरेशन जेन- जेड, पर मैं आपको अमृत पीढ़ी ही कहूंगा

जनरेशन जेड (जेन-जेड), बोलचाल की भाषा में ज़ूमर्स के रूप में जाना जाता है, यह मिलेनियल्स और पूर्ववर्ती पीढ़ी अल्फा के बाद का जनसांख्यिकीय समूह है। जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है।



*पीएम ने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है। पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है।*

**युवाओं को कर्पूरी ठाकुर के बारे में पढ़ना चाहिए। आज भी उनकी ईमानदारी की मिसाल दी जाती है।**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को एनसीसी व एनएसएस कैडेट्स के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस साल की गणतंत्र दिवस परेड दो कारणों से खास है।

पहला- यह 75वां गणतंत्र दिवस होगा और दूसरा- यह देश की नारी शक्ति को समर्पित है। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कैडेट्स से कहा कि आपकी जेनरेशन को (जेन जेड) कहा जाता है, लेकिन मैं आपको अमृत पीढ़ी कहूंगा। आप देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। बता दें कि जेन जेड 1995 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों को कहा जाता है।



**जो करना है वो देश के लिए करना है**

मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि आपने यहां पर जो सांस्कृतिक प्रस्तुति दी उसे देखकर गर्व की अनुभूति हो रही है। आप गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बनने जा रहे हैं हमारा संकल्प है कि अमृत पीढ़ी का हर सपना पूरा हो, आपके सामने अवसरों की भरमार हो, अमृत पीढ़ी के रास्ते हर बाधा दूर हो। अमृतकाल की इस यात्रा में आप मेरी एक बात हमेशा याद रखिएगा कि जो करना है वो देश के लिए करना है।

### जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन से सीखें

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के लिए कर्पूरी ठाकुर जी के बारे में जानना, उनके जीवन से सीखना बहुत जरूरी है। वे अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता की चुनौतियों का सामना करते हुए उच्च पद तक पहुंचे। वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उन्होंने समाज के लिए काम करना और अपने विनम्र स्वभाव को कभी नहीं छोड़ा।

---

### 3000 प्रतिभागी पीएम के साथ बातचीत करेंगे

# रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन 29 को मंडपम में छात्रों से 'रूबरू' होंगे प्रधानमंत्री मोदी

**एकलव्य से पहली बार 100 छात्र हिस्सा लेंगे**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हर साल की तरह इस बार भी पीएम मोदी परीक्षा से पहले छात्रों के साथ संवाद करेंगे। 'परीक्षा पे चर्चा-2024' का कार्यक्रम 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। वहीं, इस बार पीएम मोदी के स्कूली छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत कार्यक्रम के 7वें संस्करण, परीक्षा पे चर्चा 2024 के लिए माईगॉव पोर्टल पर रिकॉर्ड 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुआ है। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि इस वर्ष, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 29 जनवरी को सुबह 11 बजे से भारत मंडपम, आईटीपीओ, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में टाउन-हॉल प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में लगभग 3000 प्रतिभागी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे।

### इससे पहले हुई देश भर में पेंटिंग प्रतियोगिता

प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश से दो छात्रों और एक शिक्षक और कला उत्सव के विजेताओं को मुख्य कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के 100 छात्र स्थापना के बाद पहली बार इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। छात्रों के बीच परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए एक अनूठी पहल 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के क्रम में मंगलवार को देश भर के 774 जिलों के 657 केंद्रीय विद्यालयों और 122 नवोदय विद्यालयों (एनवीएस)में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

---

### डीजीसीए ने की कार्रवाई

## नियमों का उल्लंघन, एयर इंडिया पर ठोका 1.10 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ानों में अनियमितता की कई घटनाओं के बीच सुरक्षा नियमों के उल्लंघन के आरोप में एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। रेग्यूलेटरी बॉडी को एयरलाइन्स के एक कर्मचारी द्वारा कुछ मार्गों पर सुरक्षा उल्लंघनों का आरोप लगाते हुए एक सुरक्षा रिपोर्ट मिली थी, जिस पर कार्रवाई की गई है। डीजीसीए ने कहा, एक एयरलाइन कर्मचारी से एक स्वैच्छिक



सुरक्षा रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद, जिसमें एयर इंडिया द्वारा कुछ लंबी दूरी के महत्वपूर्ण मार्गों पर संचालित उड़ानों में सुरक्षा उल्लंघन का आरोप लगाया गया है, कथित उल्लंघनों की एक व्यापक जांच की गई। टाटा समूह द्वारा संचालित एयर इंडिया के खिलाफ मिली शिकायत की जब डीजीसीए ने जांच की तो प्रथम दृष्टया एयरलाइन्स को सुरक्षा मानकों के अनुपालन में दोषी पाया गया है।

### सरचार्ज का देरी से भुगतान मामला

## सुप्रीम कोर्ट में भिड़े वरिष्ठ वकील सिंघवी और दवे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड और अडाणी पावर के बीच सरचार्ज देर से भुगतान को लेकर चल रहे विवाद पर सुनवाई के दौरान दो वरिष्ठ वकीलों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। सर्वोच्च अदालत कक्ष में एक विवादास्पद मौखिक आदान-प्रदान तब सामने आया, जब जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे और अडाणी पावर का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील



अभिषेक मनु सिंघवी ने कानूनी कार्यवाही के दौरान एक- दूसरे के लिए कड़े शब्दों का प्रयोग किया। सिंघवी की एक दलील का जवाब देते हुए दवे ने टिप्पणी की कि वह सर्वोच्च अदालत के फैसले को 'बकवास' बता रहे हैं। दवे ने चिल्लाकर पीठ के सामने कहा "बकवास? आप इस कोर्ट के फैसले को बकवास बता रहे हैं?

### तब राज्य मंत्री राधा सिंह भी मौजूद थीं

## एसडीएम ने महिला से पहनवाया जूता सफाई: पैर में चोट, झुका नहीं जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिंगरौली से एक तस्वीर सामने आई है। सिंगरौली में एसडीएम असवन राम चिरावन को जूते पहनाती हुई एक महिला कर्मचारी की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। मामला 22 जनवरी का बताया जा रहा है। जब भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण चल रहा था, उसी वक्त महिला से एसडीएम ने जूते पहने। माना जा रहा है कि जल्द ही एसडीएम की करतूत पर

**सवाल ये कि महिला से ही क्यों फीते बंधवाए? इस पर एसडीएम चुप | एसडीएम पर कार्रवाई होना तय**



एसडीएम पर सरकार एक्शन ले सकती है। एसडीएम असवन राम चिरावन चितरंगी विकासखंड में कार्यरत हैं। तस्वीर में साफ है कि महिला एसडीएम को जूते पहना रही है और एसडीएम मंद-मंद मुस्करा रहे हैं। चितरंगी विद्यालय में राज्य मंत्री राधा सिंह की मौजूदगी में ये फोटो वायरल हुआ है।

---

### दिल्ली पुलिस ने पेश की सीलबंद रिपोर्ट

## रेप पीड़िता की पहचान उजागर की राहुल के खिलाफ एफआईआर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दिल्ली हाई कोर्ट को सूचित किया कि उन्होंने 2021 का एक विवादास्पद पोस्ट डिलीट कर दिया है, जिसमें कथित तौर पर 9 वर्षीय बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर किया गया था। यह खुलासा गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) की सुनवाई के दौरान किया गया। दिल्ली पुलिस ने अदालत को बताया कि कथित बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। राहुल गांधी के वकील तरन्नुम चीमा ने दिल्ली हाई कोर्ट में कहा कि विवादास्पद ट्वीट हटा दिया गया है। वकील ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ट्वीट को न केवल भारत में रोक दिया गया था बल्कि इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हटा दिया गया था। एक्स के वकील ने इस बयान की पुष्टि की। दिल्ली पुलिस ने सितंबर 2021 में राहुल गांधी के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने का विवरण देते हुए एक सीलबंद कवर रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में मामले से जुड़ी कानूनी कार्रवाई के बारे में बताया गया।

**बाद में राहुल ने इस पोस्ट को हटा लिया**



### राजधानी की रात सीजन में दूसरी बार सबसे ठंडी

## प्रदेश में सीजन की सबसे सर्द रात, बिजावर में दशमलव 7 डिग्री पारा

आधे प्रदेश में तेज सर्दी, धूप खिलने से कई जिलों में दिन-रात के तापमान में 2 से 6 डिग्री तक की घट-बढ़ जारी | 26 जनवरी के बाद छाएंगे हल्के बादल, बढ़ेगा रात का पारा, अभी बादल छंटने से ज्यादातर जिलों में रात के तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के आधे से अधिक जिलों में दिन के तापमान में मामूली बढ़त और रात के तापमान में कमी रही। छतरपुर के ऑटोमेटिक रेन गेज में सीजन में पहली बार बिजावर में रात का पारा दशमलव 7 डिग्री रहा, जहां ओस की बूंदें जम गईं। यह सीजन का प्रदेश का सबसे कम न्यूनतम पारा है। मौसम केंद्र की ऑब्जर्वेटरी में सबसे कम रात का पारा सतना में 3.4 डिग्री रहा।

### सबसे कम रात का पारा सतना में 3.4 डिग्री रहा



**अब आगे क्या?**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी जहां बादल छंटे हैं और धूप खिली है, उन जिलों में दिन के तापमान में वृद्धि रही, जबकि रात का पारा गिरा है। यह सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहेगा। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से प्रदेश में हवाएं बदलने के साथ ही बादल छाएंगे, जिससे दिन का पारा कुछ गिरेगा। रात के तापमान में बढ़त होगी।

### कहां कितना गिरा दिन और रात का पारा

टीकमगढ़ और नौगांव में सर्वाधिक दिन का पारा 4 से 5 डिग्री तक बढ़ा। तापमान में सबसे ज्यादा गिरावट छिंदवाड़ा, जबलपुर, नर्मदापुरम और सतना जिलों में 3 से 5 डिग्री तक रही। शेष हिस्से में औसतन दो डिग्री तक गिरा है। भोपाल सहित पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में रात का पारा गिरा। पश्चिमी मप्र में रात का पारा 9 डिग्री के नीचे रहा, जबकि पूर्वी में 13 डिग्री तक दर्ज हुआ है।

### किसानों से जुड़े मुद्दों और उनकी समस्याओं के निराकरण को दें प्राथमिकता

# प्राकृतिक खेती अपनाने किसानों को करें प्रोत्साहित : कलेक्टर



**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना ने जिले में कृषि के क्षेत्र में नवाचारों तथा प्राकृतिक और जैविक खेती को अपनाने के लिये किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। श्री सक्सेना बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।कलेक्टर ने बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन और सहकारिता विभाग की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इन विभागों द्वारा संचालित सभी योजनाओं के वार्षिक लक्ष्य को वित्त वर्ष के अंत तक पूरा कर लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये। श्री सक्सेना ने कहा कि इस दिशा में यदि कहीं कोई कठिनाई आ रही हो तो अधिकारी तत्काल उनसे चर्चा करें। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों को किसानों से जुड़े मुद्दों और किसानों की समस्याओं के निराकरण को हरहाल में प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि वे कृषि से जुड़े विभागों के अधिकारियों की नियमित तौर पर बैठक लेंगे और प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान भी किसानों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं पर चर्चा करने के साथ ही कृषि के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों का खेतों में जाकर जायजा लेंगे।

श्री सक्सेना ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिये प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुये कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिये जरूरी है कि खेती की लागत कम हो और उत्पादकता में भी वृद्धि हो। इसके लिये ज्यादा से ज्यादा किसानों में प्राकृतिक और जैविक खेती के प्रति रुझान पैदा किया जाये। उन्होंने खेती की नई और आधुनिक विधाओं से परिचित कराने किसानों के लिये समय-समय पर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश भी दिये। कलेक्टर ने जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा भी बैठक में की। इस अवसर पर बताया गया कि जिले में किसानों के मांग के अनुरूप खाद का पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है।



## "रामायण भजन दर्शन" पुस्तक विमोचित

**जबलपुर।** राम लला आ गए, श्रीराम चरित मानस मंगलकारी है, राम बने दूल्हा, जागो रे बजरंग बली, अशोक वाटिका में सीता..., जैसे गैर फिल्मी भजन दुर्गेश ब्यौहार द्वारा रचित पुस्तक "रामायण भजन दर्शन" में प्रस्तुत किए गए हैं, जिसका विमोचन मुख्य अतिथिद्वय आचार्य इन्द्रभान महाराज, ब्रह्मर्षि शिवकुमार महाराज, कार्यक्रम अध्यक्ष ब्रह्मर्षि आचार्य डॉ. हरिशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथिद्वय सुभाष मसुरहा एवं संगीत प्रेमी सुरेन्द्र वर्मा के द्वारा विगत दिवस श्रीराम लला मंदिर ग्वारीघाट में सुरताल एवं मधुर पल संगीत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। प्रसाद विरतण एवं दुर्गेश ब्यौहार दर्शन के आभार प्रदर्शन से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में शाही स्नान आज

**जबलपुर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पोश पूर्णिमा 25 जनवरी को प्रात 8:30 बजे हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से शाही स्नान एवं नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सुच्छम उपस्थिति में निकाली जाएगी। शाही स्नान का नेतृत्व स्वामी कलीनंद महाराज स्वामी प्रकाशानंद महाराज स्वामी रामजी शरण महाराज महंत योगी राजेशदास महाराज बाबा भोलादास महाराज शीला मुनि माताजी विकास महाराज मनु गिरी महाराज रामानंद गिरी महाराज कथा वाचक आदि संत करेंगे। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया शाही स्नान हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रारंभ होकर जिसमे अखाड़े दुल दुल घोड़ी संकीर्तन मंडलियों के साथ सरस्वती घाट जायेगे वहाँ पूजन अर्चन करने के बाद निशुल्क माघ मास कल्पवास 9 वे वर्ष का शुभारंभ हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में किया जाएगा फिर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल डॉ शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल मनोज गुलाब बनी प्रभाकर चतुर्वेदी आदि ने की है।







## गणतंत्र दिवस परेड की फाईनल रिहर्सल

**जबलपुर।** गणतंत्र दिवस की तैयारियां जोरशोर से की जा रही हैं। कल यहां मुख्य समारोह स्थल पुलिस ग्राउंड में परेड की फाईनल रिहर्सल की गई। परेड का नेतृत्व आरआई ने किया। जिनके साथ आईटीबीपी, एसएएफ, जिला पुलिस शामिल हुयें। परेड में मुख्य अतिथि की भूमिका लगातार कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने निभाई। परेड की मॉनीटरिंग खुद पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने की। जहॉ भी सुधार की गुंजाईश रही वो माइक के जरिए जवानो को बताते हुए नजर आए। अब 26 जनवरी के दिन ही पुलिस ग्राउंड में दर्शकों के सामने ये दल परेड करते हुए सलामी देगा। इसके बाद ध्वजारोहण किया जाएगा। फायनल परेड के दौरान किस तरह अतिथि को पुलिस जवानों से मिलाया जायेगा। किस तरह मिनिट टू मिनिट कंधे से कंधा मिलाकर फॉयर और सलामी दी जायेगी ये बताया गया। इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार सक्sसना, एसपी आदित्य प्रताप सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्रीमति जयति सिंह, नगर निगम आयुक्त श्रीमति प्रीति यादव, सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## म.प्र. विद्युत महिला मंडल में हुआ हल्दी कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत महिला मण्डल में सूर्य के उत्तारायण होने पर सौभाग्यवती महिलाओं ने हल्दी, कुम-कुम कार्यक्रम आयोजित किया। सदस्य बहनों ने एक दूसरे को हल्दी कुमकुम लगाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम महिला मण्डल की अध्यक्षा डॉ. श्रीमती अंजना तिवारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस अवसर महिला मण्डल की सचिव श्रीमती कविता निगम, कोषाध्यक्ष श्रीमती फरहत परवीन, सह सचिव डॉ. श्रीमती ज्योति परवार, बालक मंदिर स्कूल की प्रबंधिका श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सचिव श्रीमती प्रतिभा पाणी, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुजाता सिंह, पालना घर की संचालिका श्रीमती प्रतिभा पटेल सहित अन्य सदस्य बहनों की उपस्थित रही।





## भगवान राम जन्मभूमि अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में भी रही कार्यक्रमों की धूम

**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर वार्ड स्थित जयनगर पार्क में जयनगर विकास समिति के तत्वावधान में भी सामूहिक आरती, भजन, पूजन ,आतिशबाजी और भक्ति भाव से विभोर होकर स्त्री पुरुष नृत्य करते नज़र आए। 1100 दीपों की आरती, घर घर से माताएं बहने अपनी अपनी थाली में दिए आरती सजाकर लगातार आते जा रहे थे। दीपों की रोशनी से पूरा पार्क और आसपास का इलाका जगमगा उठा आतिशबाजी और पटाखे की धूम से पूरा वातावरण राममय हो गया था ऐसी ऐतिहासिक राम दीपावली शायद लोगों ने पहली बार ही मनाई होगी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक न्यायमूर्ति आरके गुप्ता, शरद सप्रे, डॉक्टर अरुण जैन, विष्णु ताम्रकार, एमडी अग्रवाल, राकेश अग्रवाल एवं भीम सिंह दीवान, मातृशक्ति श्रीमती अग्रवाल, नेहा गुप्ता, आरती जैन, का विशेष योगदान था।



## स्वच्छता की शपथ दिलाई

**जबलपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के अंतर्गत नगर निगम एवं नगर निगम की सहयोगी संस्था ओम सांई विजन के द्वारा जॉन क्रमांक 3 वार्ड क्रमांक 8 ग्वारीघाट में 51000 दीपों की साज सज्जा कर उन्हें प्रज्वलित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, उत्तर मध्य विधानसभा विधायक अभिलाष पांडे, बरगी विधानसभा विधायक नीरज सिंह, महामंडलेश्वर अखिलेश्वर आनंद गिरि महाराज उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम पश्चात स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

## भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ ने की मूंग और धान खरीदी में जांच की मांग




**जबलपुर।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ जबलपुर संभाग की भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई, सहकारिता प्रकोष्ठ के संभागीय मीडिया प्रभारी अखिलेश दीक्षित ने बताया संभाग अंतर्गत सभी जिला संयोजकों की यह बैठक प्रदेश सहसंयोजक अशोक सिंघई के मुख्यतिथ्य में और महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू की अध्यक्षता में हुई विशिष्ट अतिथि के रूप में डिंडोरी जिला संयोजक रामलाल रजक ने बैठक को संबोधित किया, अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा मूंग एवं धान खरीदी (उपार्जन) में प्रत्येक जिले में सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा किए गए कार्य जैसे खरीदी केंद्रों की संख्या, स्थिति, प्रबंधक प्रशासक, निर्वाचित समितियों की जानकारी रखें, मूंग तथा धान खरीदी में हुए भ्रष्टाचार तथा इसमें लिप्त दोषियों की निष्पक्ष जांच और कठोर दण्ड का प्रावधान करने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने की बात कही गई, तथा शहरी ग्रामीण उपभोक्ता भंडारों की स्थिति एवं उनके निर्वाचन व जिला थोक उपभोक्ता भंडारों, एवम जिला वनोपज यूनियन तथा दुग्ध समितियों के निर्वाचन की स्थितियों का अध्ययन किया गया, इसके साथ में जिले में आगामी प्राथमिक सहकारी समितियों के निर्वाचन तथा सहकारिता प्रकोष्ठ के पुनर्गठन की आवश्यकता हो तो उस पर भी विचार विमर्श किया गया, बैठक में उपस्थित महानगर सहसंयोजक राजेंद्र चौधरी,रामजी यादव,दुर्गेश शाह,धनीराम चौबे,पी के बनर्जी,सुनील खरे,जयकिशन गुप्ता, आदि उपस्थित थे।



## राम लला प्राण प्रतिष्ठा पर नयागांव में भी धूमधाम से मनाया गया उत्सव

**जबलपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर नयागांव कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड ने राम हनुमान जी का दरबार सजाकर महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ किया गया, भव्य महाआरती कर प्रभु श्रीराम जी को 56 भोग लगाया गया, इसके बाद 1001 घी के दीपक जलाकर, आतिशबाजी की गई, मोती शिवहरे ग्रुप द्वारा राम भगवान की लीला का मंचन नृत्य नायिका के रूप में किया गया, एवं राम भगवान का राज्याभिषेक किया गया, विशाल राम भोग वितरण किया गया, इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष रजत भार्गव, विधायक अजय विशनोई, संजय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, राजीव दूसाज, सोसाइटी की वरिष्ठ महिला सदस्य उषा बिरथरे, अलका विशनोई, माधवी माहेश्वरी, स्मृति देवी खैरागढ़ आदि लोग मौजूद रहे।

## छठी शरीफ पर गूंजे गरीब नवाज़ की शान में कलाम



**जबलपुर।** अजमेर शरीफ के मशहूर बुजुर्ग हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती गरीब नवाज़ के उर्स की छठी शरीफ पर मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे जगह जगह कुल शरीफ और लंगर के आयोजन किये गए । गरीब नवाज़ की शान मे दिन भर कलाम गूंजते रहे। हाई कोर्ट के सामने स्थित हज़रत कचहरी वाले बाबा की दरगाह में बाद नमाज़ मगरिब चादर पोशी, गुल पोशी व ख़्वाजा गरीब नवाज़ की बारगाह मे नजरो न्याज़ पेश की गई। सज्जादानशीन बाबर खा बंदानवाजी, खादिमे आला चंगेज खान अशरफी ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। रात्रि मे आयोजित महफिले सीमा मे ख़्वाजा साहब की शान मे कलाम पेश किये गए । मदन महल पहाड़ी पर स्थित दरबारे ख्वाजा में सुबह कुल शरीफ को आयोजन किया गया । साय बाद नमाज़ मगरिब नजरो न्याज़ पेश की गई और तबरुख तक़सीम किया गया इस दौरान शरीफ खान, हाफिज रईस साहब, शिवम स्वामी, सहित बड़ी संख्या मे अक़ीदतमंद मौजूद रहे।

## गरीबों को वितरित किए कम्बल



**जबलपुर।** न्यू जबलपुर गारमेंट्स मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन जबलपुर द्वारा बुधवार को नमामि देवी नर्मदे हर, मां नर्मदा के तट ग्वारीघाट में गरीब असहाय लोगों को ठंड, शीत लहर से बचाव के लिए सभी गरीबों को कम्बल वितरण किया गया व छोटे छोटे बच्चों को बिस्कुट दिए गए, इस अवसर पर समिति के आयोजन में असोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल भाई, सह सचिव राजाराम चौधरी, इश्वर वासवानी, नरेश जैन, संतोष तिवारी, जितेन्द्र पटेल, दिलीप विश्वकर्मा, नरेश रजक, अकमल उपस्थित रहे।

## रेल पुलिस सेल्फ बैलेंसिंग ई-स्कूटर से करेगी पेट्रोलिंग



**जबलपुर।** रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म में अपराधों पर रोक लगाने के लिए सघन और प्रभावी पेट्रोलिंग करने के लिए केंट क्षेत्र के विधायक अशोक रोहाणी द्वारा 1 लाख 30 हजार रुपए कीमत की सेल्फ बैलेसिंग इलेक्ट्रिक स्कूटर रेल पुलिस को सौंपी गई, जिसकी मदद से स्टेशन के प्लेटफार्मो पर रेल पुलिस कम समय में ज्यादा प्रभावी पेट्रोलिंग कर पायेगी। इस सुविधा के लिए रेल पुलिस अधीक्षक सिमाला प्रसाद और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी व डीएसपी अधिकारी लोकेश मार्को,थाना प्रभारी जीआरपी बलराम यादव ने विधायक का धन्यवाद किया है।

## पत्रोपाधि अभियंता संघ जताया कंपनी का आभार

# विद्युत जेई को मिला डीई का चालू प्रभार



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पत्रौपाधि अभियंता संघ ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक (मा स एवं से प्रशा) से मीटिंग व मुलाकात कर बोर्ड केडर के कार्यपालन अभियंता के आदेश निकले जाने पर जताया आभार उपरोक्त आदेश के संबंध में अभियंता संघ द्वारा विरोध स्वरूप जो पत्र लिखा है वह पत्र अनुचित है जिसका पत्रोपाधिअभियंता संघ ने घोर विरोध करते हुए निंदा की हैं। अभियंता कंपनी की रीढ़ की हड्डी है जिसका सीधा संवाद उपभोक्ताओं से होता है कनिष्ठ अभियंताओ के हितों का हमेशा ध्यान रखा जाए, वहीं विस्तार से कनिष्ठ अभियन्ताओ की अन्य मागों, समस्याओं से अवगत कराया और निराकरण की मांग की। इंजी. अशोक जैन प्रांतीय वरिष्ठ उपाधयक्ष के नेतृत्व में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमति नीता राठौर मानव संसाधन एवं प्रशासन को अपनी 9 सूत्री मांगों से विस्तार से अवगत कराया गया। बोर्ड केडर, कंपनी कैडर कनिष्ठ अभियंताओं जिनको सहायक का उच्च वेतनमान प्राप्त हो गया है, उन सभी कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंताओं का चालू प्रभार दिया जाय। शेष बचे हुए वरिष्ठ सहायक अभियंता चालू प्रभार को कार्यपालन अभियंता का चालू प्रभार दिया जाए, उच्च वेतनमान के आदेश जारी किए जाय कनिष्ठ अभियंता की दो वर्ष का परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर शीघ्र अतिशीघ्र नियमतीकरण के आदेश जारी किए जाएं, वहीं मैदानी स्तर पर कार्यपालन अभियंताओं द्वारा वितरण केन्द्रों के कनिष्ठ अभियंताओं, सहायक अभियंताओं संवर्ग को शोकाज नोटिस जारी किया जा रहा है, उनके वेतन से कटौती की जा रही है, यह न्यायोचित नहीं है। उसे तत्काल बापिस लिया जाए भिन्न सोसाइटी के कनिष्ठ अभियंताओं को सोसाइटी के समय से ही रेगुलर किया जाये, मंडल के समय की गई एई टीवीएस स्कीम के शेष बचे हुए कनिष्ठ अभियंताओं के आदेश जारी किए जाए 2 हजार रुपए प्रतिमाह रिवॉल्विंग फंड सीधे वितरण केंद्र में पहुंचाया जाए। अपात्र कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए एवं जिन अधिकारी द्वारा आदेश जारी किए उन पर कार्रवाही की जाए। मैदानी कनिष्ठ अभियंताओं को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का भी आग्रह किया। इस दौरान संघ के इंजी. स्वर्ण सिंह मनकोटिया, के के असाटी, नपेंद्र सिंह, एम आई बैग, रमन, असलम अंसारी, गुलाब राजपूत, उमग राय, सियाराम नायक, मुकेश विश्वकर्मा, योगेश पटेल, विवेक नेमा, सुरेश नामदेव, आर के ठाकुर, राकेश पांडे, हनीफ आदि उपस्थित थे।

## पेंशनर्स एसो. का प्रांतीय चुनाव इंदौर में 28 को

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर एसोसियेशन के अध्यक्ष एचपी उरमलिया ने बताया कि अब चूंकि पूर्व संगठन का पंजीयन शासन ने समाप्त कर दिया है, ऐसी स्थिति में नए संगठन प्रमुख पेंशन एसो. के प्रांतीय चुनाव कराये जाने आवश्यक हैं, अतः प्रांताध्यक्ष का चुनाव 28 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से इंदौर में आयोजित किया गया है, जिसमें मप्र के सभी पदाधिकारी अपना मत देकर प्रांताध्यक्ष का चुनाव करेंगे। इसके पश्चात पेंशनर की लंबित मांगों के लिए तत्काल बाद महासमिति की बैठक प्रारंभ होगी जिसमें पेंशनर की लंबित मांगों पर आगामी आंदोलन करने का निर्णय लिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी श्याम जोशी करेंगे। उक्त बैठक इंदौर के गौतम आश्रम सुदामा नगर रोड में आयोजित की जाएगी, जिसमें जबलपुर संभाग के लगभग 50 पेंशन पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।